हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 28 दिसंबर 2023

11 लोगों ने वर्चुअल सुना प्रधानमंत्री का संबोधन



12 आधुनिक होगा अटेली कॉलेज भवन, 99.76 लाख होंगे खर्च



## खबर संक्षेप

### साहित्यकार नीरज राव दिल्ली में होंगे सम्मानित



**महेंद्रगढ़।** गांव खेड़ा निवासी साहित्यकार नीरज राव को कबीर कोहिनूर सम्मान-2024 से सम्मानित किया जाएगा। कबीर आश्रम सेवा संस्थान राजस्थान 25 फरवरी 2024 को डॉ. आम्बेडकर भवन में कार्यक्रम आयोजित करेगा।

### अंतरराष्ट्रीय पौषक अनाज किसान मेला आज

**नारनौल।** कृषि विभाग 28 दिसंबर की सुबह गांव हसनपुर शिव मंदिर में जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय पौषक अनाज वर्ष-2023 विशाल किसान मेला आयोजित करेगा । विधायक डा. अभय सिंह यादव व जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार मौजूद रहेंगे। उप कृषि निदेशक डा. देवेंद्र सिंह ने बताया कि मेले में पशु विभाग सहित अन्य विभागों के वैज्ञानिक विभागीय योजनाओं की जानकारी देंगे।

### कार की टक्कर से प्रवासी युवक की मौत

**कनीना।** महेंद्रगढ़ मार्ग पर गुढ़ा के समीप सड़क हादसे में एक प्रवासी युवक की मौत हो गई। एमपी जिला दमोह में जबेरा वासी लखन ने बताया कि उनका भतीजा बिजेंद्र मंगलवार शाम दुकान से सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान कनीना की तरफ से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। जिसे गंभीर रूप से घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के चाचा की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला

**महेंद्रगढ़।** गांव मुंडायन निवासी एक युवक तथा उसके दोस्तों पर पांच बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया हैं। आरोपितों ने युवकों पर दो फायर भी किए हैं। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी हैं।

गांव मुंडायन निवासी बब्लू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार की रात को करीब नौ बजे अपने दोस्त साहिल व सुशील के साथ अपने जीजा की बोलरो गाड़ी लेकर महेंद्रगढ़ से अपने गांव की तरफ जा रहा था। जब वह डुलाना रोड पर हैप्पी स्कूल के पास पहुंचा तो उनके पीछे एक कैंपर गाड़ी लगा दी गई।

# नए साल से शहरी जमीन खरीद-फरोख्त में जेब करनी होगी ढीली, कलेक्टर रेट बढ़े

## शहर में 9 माह में फिर बढ़े रेट, 2024 के प्रस्तावित रेट किए जारी, नालापुर, डीआरडीए, गणपति प्लाजा व गांधी बाजार में 87% अधिक की बढ़ोत्तरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नए साल से शहरवासियों की जमीन की खरीद-फरोख्त में अब जेब और ढीली होगी। उन्हें पिछले साल की तुलना में महंगे कलेक्टर रेट की स्टांप ड्यूटी चुकानी होगी। जिला प्रशासन ने साल 2024 के लिए जो प्रस्तावित कलेक्टर रेट जारी किए है, उनमें नौ माह के अंदर ही शहर में कई कॉमर्शियल व आवासी कॉलोनी के रेट 10 से 87.5 फीसदी बढ़ोतरी की गई है। अहम बात यह भी है कि प्रशासन ने नए साल के जो प्रस्तावित कलेक्टर रेट जारी किए गए हैं, उनमें उन जगहों की प्रॉपर्टी भाव में इतनी बढ़ोतरी नहीं हुई जितनी कलेक्टर रेट में बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल की तुलना में अब भी प्रॉपर्टी के भाव लगभग स्थिर ही बने हुए है। शहर में कुच्छेक जगहों को छोड़ दें तो प्रॉपर्टी भाव में ज्यादा कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

शहर में जमीन के कलेक्टर रेट में प्रशासन ने कितनी बढ़ोतरी हुई है, इसका अंदाजा इसी से लगा सकते है कि मार्केट में कमर्शियल जगहों के कलेक्टर रेट एक साल से भी कम समय में 87.5 फीसदी बढ़े है। सर्वाधिक दो कमर्शियल जगह जिसमें गणपति प्लाजा-गांधी बाजार में 67 हजार से सीधे 1 लाख 25 हजार 625 और महावीर चौक से डीआरडीए आफिस के बीच 80 हजार से सीधे डेढ़ लाख हो गए है। यानि इन दोनों जगह सर्वाधिक 87.5 फीसदी की बढ़ोतरी कलेक्टर रेट में हुई है। वहीं आवासीय जगह की बात करें तो 10 से 87.5 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। आवासीय जगह के जो आंकड़े यहां नहीं दर्शाए गए, ऐसी अधिकांश जगह 10 फीसदी की तो बढ़ोतरी की ही गई है।

### शहर में कहां कितने बढ़े आवासीय और कॉमर्शियल जमीन कलेक्टर रेट, इन आंकड़ों से इसे समझें

| जगह का नाम | पहले | अब | बढ़ोतरी %में |
|---|---|---|---|
| प्रतिशत बढ़ोतरी | | | |
| फौजदार वृंदावन | 10000 | 11875 | 18.75 |
| मोड़ावाला मंदिर के पास | 8000 | 9500 | 18.75 |
| मोतीनगर मेन रोड | 15000 | 18000 | 20 |
| मालीटिबा | 8000 | 9800 | 22.5 |
| कैलाशनगर-सुभाषनगर | 5500 | 6737.5 | 22.5 |
| परशुराम कॉलोनी | 8000 | 10000 | 25 |
| न्यू कॉलोनी | 10000 | 12625 | 26.25 |
| रेलवे स्टेशन के पास | 8000 | 10100 | 26.25 |
| गुरूनानकपुरा | 8000 | 10100 | 26.25 |
| निजामपुररोड वेस्टसाइड | 6000 | 7575 | 26.25 |
| हुडा-1 पार्ट-1 एनएनएल | 22000 | 27775 | 26.25 |
| कैलाशनगर नॉर्थ साइड | 8000 | 10100 | 26.25 |
| बंसल कालोनी मालवीयनगर | 8000 | 10100 | 26.25 |
| दयानगर-केशवनगर-आरकेपुरम | 10000 | 13000 | 30 |
| हुडा-1 पार्ट-2 एनएनएल 9 एम | 20000 | 26000 | 30 |
| मिश्रवाड़ा-संघीवाड़ा | 5500 | 7218.75 | 31.25 |
| शिवाजीनगर | 10000 | 13500 | 35 |
| शिव कालोनी 300 याड मेन रोड | 15000 | 20250 | 35 |
| अग्रसेन रेलवे रोड | 10000 | 13500 | 35 |
| रावका | 8000 | 10800 | 35 |
| खड़खड़ी | 8000 | 10800 | 35 |
| देवस्थान | 8000 | 10800 | 35 |
| मोहल्ला बास | 8000 | 10800 | 35 |
| आदर्श नगर | 10000 | 13750 | 37.5 |
| पुरानी सराय | 10000 | 14375 | 43.75 |
| पुरानी मंडी | 8000 | 12000 | 50 |
| जेर मंढेरी | 8000 | 12200 | 52.5 |
| चांदुवाड़ा | 8000 | 12900 | 61.25 |
| कायस्थवाड़ा-फ्रांसखाना | 5500 | 8868.75 | 61.25 |
| हुडा-1 पार्ट-1 एनएनएल 18 एम | 25000 | 40312.5 | 61.25 |
| नसीबपुर-हाउसिंग बोर्ड कालोनी | 8000 | 12900 | 61.25 |
| चौधरियान | 8000 | 13600 | 70 |
| ईश्वर कॉलोनी | 8000 | 13600 | 70 |
| अनाज मंडी-काठ मंडी | 10000 | 17000 | 70 |
| नलापुर | 8000 | 15000 | 87.5 |

कॉमर्शियल जगह जहां के कलेक्टर रेट नए साल में काफी बढ़े

| जगह का नाम | पहले | अब | 2024 में होंगे प्रतिशत बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|
| सिविल हॉस्पिटल टू अग्रसेन चौक | 75000 | 94687.5 | 26.25 |
| टिकनदास चौक टू हिंदी होटल | 55000 | 69437.5 | 26.25 |
| हिंद होटल टू आदर्श टैंट हाउस | 60000 | 75750 | 26.25 |
| गली दर्जियान | 44000 | 55550 | 26.25 |
| तालाब बहादुरसिंह टू गर्ल्स स्कूल | 55000 | 69437.5 | 26.25 |
| महावीर चौक-पुल बाजार | 80000 | 101000 | 26.25 |
| महावीर व आजाद चौक-गांधीबाजार | 80000 | 101000 | 26.25 |
| सिंघानारोड-टीप्वाइंटएनआर | 80000 | 101000 | 26.25 |
| बजाजा बाजार | 80000 | 101000 | 26.25 |
| गली मनिहारन | 55000 | 69437.5 | 26.25 |
| महावीर चौक-जिला सैनिक बोर्ड | 80000 | 108000 | 35 |
| जिला सैनिक बोर्ड-तालाब बहादुर | 80000 | 108000 | 35 |
| अशोक चौधरी मार्केट | 44000 | 59400 | 35 |
| हुडा-1 पार्ट-1 एनएनएल 18 एम | 25000 | 35937.5 | 43.75 |
| गणपति प्लाजा-गांधी बाजार | 67000 | 125625 | 87.5 |
| महावीरचौक-डीआरडीए ऑफिस | 80000 | 150000 | 87.5 |

नोट : रेट प्रति वर्ग गज के हिसाब से प्रस्तावित हैं।

## हड़ताल पर डॉक्टर, दिनभर भटकते रहे मरीज, चेतावनी

# कल एमरजेंसी सेवा भी रहेगी बंद

**29 से अनिश्चितकालीन हड़ताल, इमरजेंसी सहित सभी चिकित्सा सेवाएं रहेंगी बंद, निदेशालय से एसएमओ भर्ती पर रोक लगाने की रखी मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसिज एसोसिएशन के आह्वान पर जिलेभर के सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर ओपीडी सेवाएं बंद रखी। इस दौरान केवल एमरजेंसी सेवाएं जारी रही। वहीं जच्चा-बच्चा वार्ड में चिकित्सक भी हड़ताल में शामिल रही तथा जांच नहीं की। जिसके चलते नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए जिले व जिले के साथ लगते राजस्थान के कस्बे तथा गांवों के लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसिज एसोसिएशन के प्रधान डा. अनिल यादव ने बताया कि काफी समय से चिकित्सकों की कुछ मांगें लंबित है, जिनकी तरफ सरकार ध्यान नहीं दे रही है। इससे पहले भी दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल कर सरकार से मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की गई थी, लेकिन सरकार ने मांगों को पूरा नहीं किया। जिसके चलते हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसिज एसोसिएशन के आह्वान पर आज एक दिन के लिए हड़ताल कर ओपीडी सेवाएं बंद रखी गई है। अगर सरकार ने मांगों को पूरा नहीं किया तो 29 दिसंबर से सभी सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इस दौरान ओपीडी सेवाओं के साथ इमरजेंसी सेवाएं भी पूर्ण रूप से बंद रखी जाएगी।



नारनौल। चिकित्सक के रूम में बाहर लगी मरीजों की लाइन और बाहर कुर्सियों पर धूप सेकते डॉक्टर्स।

### डॉक्टरों सहित स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की भारी कमी

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसिज एसोसिएशन के अनुसार प्रदेश में सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों विशेषकर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की भारी कमी है। जनसंख्या के हिसाब से प्रदेश में 10 हजार से ज्यादा चिकित्सकों की जरूरत है, जबकि 2500 डॉक्टर कार्यरत है। इसी प्रकार दो हजार से ज्यादा स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की आवश्यकता है, लेकिन मात्र 700 से भी कम चिकित्सक काम कर रहे है। जिसके चलते चिकित्सकों पर बहुत भार है। ऐसे में चिकित्सक मरीजों का उपचार गुणवत्ता पूर्वक नहीं कर पा रहे है। एसोसिएशन प्रधान ने कहा कि सरकार से इन मांगों को पूरा करने के लिए काफी लंबे समय से मांग कर रहे है, लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है। जिसके चलते उनको हड़ताल करनी पड़ रही है। इस दौरान जनता को होने वाली असुविधा के लिए खेद है, लेकिन इसके लिए सरकार जिम्मेवार है। जनता से अपील है कि स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए किए जा रहे उनके संघर्ष में सहयोग करें।

**मरीज मायूस होकर वापस लौटे**

नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए आए मरीजों को हड़ताल के चलते परेशानी का सामना करना पड़ा तथा बिना उपचार लिए ही वापस घर लौटना पड़ा। नागरिक अस्पताल में आए जिले व जिले के साथ लगते राजस्थान के गांवों के लोगों ने बताया कि यहां आने पर उन्हें हड़ताल का पता चला। अगर पहले से पता होता तो आज यहां आकर परेशानी नहीं उठानी पड़ती।

### एसोसिएशन की मुख्य मांग

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसिज एसोसिएशन की मुख्य मांग एसएमओ की सीधी पर भर्ती रोक लगाना है। इसके अलावा चिकित्सकों ने मांग की कि स्पेशलिस्ट कैडर का गठन किया जाए, ताकि मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सकें। एसीपी केन्द्र सरकार की तर्ज पर चार, नौ, 13 व 20 साल पर दिया जाए, जो अभी पांच, 10 व 15 साल पर मिलता है। इन सर्विस कैंडिडेट जो पीजी कोर्स करने जाते है, उनसे एक करोड़ के बांड को घटाकर 50 लाख रुपये किया जाए आदि मांगें शामिल है।



खाली दवाई विंडो।



पर्ची कटवाते मरीज।



ओपीडी में खाली कुर्सी।



महेंद्रगढ़। नागरिक अस्पताल में खाली पड़ी चिकित्सक की कुर्सी। फोटो : हरिभूमि

### महेंद्रगढ़ में भी मरीज हताश परेशान

**महेंद्रगढ़।** अपनी मांगों को लेकर बुधवार को सरकारी अस्पताल के चिकित्सक हड़ताल पर रहे। चिकित्सकों की हड़ताल पर होने से नागरिक अस्पताल में दिनभर मरीज इधर-उधर भटकते रहे। इसके अलावा मरीजों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा। नागरिक अस्पताल में में सिर्फ इमरजेंसी सेवाएं ही चालू रखी गई थीं। ओपीडी कक्षों में डॉक्टरों के चेंबर खाली पड़े थे। मरीज डॉक्टरों के आने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन जब डॉक्टर नहीं पहुंचे तो मरीज खाली हाथ वापस लौट गए। चिकित्सक हड़ताल पर होने से मरीजों को खांसी-जुकाम तक भी दवाई नहीं मिल पाई।

**क्या कहते है मरीज :** गांव बैरावास निवासी वेदप्रकाश ने कहा कि वह 20 किलोमीटर दूर से नागरिक अस्पताल में खांसी-जुकाम की दवाई लेने आया था। यहां आकर पता चला कि चिकित्सक हड़ताल पर है। वह बिना दवाई घर लौट रहे है।

#### यहां आकर चला पता



महावीर सैनी ने कहा कि वह पत्नी को दवाई दिलाने के लिए अस्पताल आया था। यहां पता चला कि डाक्टर हड़ताल पर हैं। सरकारी अस्पताल में पत्नी का उपचार नहीं हो सका।

#### शरीर में दर्द



गांव कुरहावटा वासी ओमप्रकाश का कहना है कि उसके शरीर में दर्द है। दवा लेने के लिए अस्पताल आया था। यहां पता चला कि चिकित्सकों की हड़ताल है। बिना उपचार करवाए ही वह वापस लौट रहा है।

#### शुगर जांच करवाने आई



मालड़ा निवासी गंगा देवी ने कहा कि शुगर जांच के लिए आई थी। हड़ताल होने से वह बाजार में महंगे दामों पर बाहर जांच करवाना पड़ा है। वैकल्पिक के तौर पर चिकित्सक रहने चाहिए ताकि मरीज परेशान ना हो।

#### टाइफाइड की शिकायत



गांव मालड़ा सराय निवासी अनीता ने कहा कि वह अस्पताल में टाइफाइड जांच करवाने के लिए आई थी। यहां आकार पता चला कि चिकित्सक की हड़ताल है। बना जांच के ही घर लौटाने को मजबूर है।

## जिले में आज से घने कोहरे की संभावना मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली के साथ जिले में एक ओर ठंड तेवर दिखा रही हैं। वहीं कोहरे ने पिछले चार दिनों से सम्पूर्ण इलाके को अपने आगोश में ले रखा है। मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिनों के लिए दस जिलों सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, कैथल, जींद, कुरुक्षेत्र, करनाल, सोनीपत पानीपत, रोहतक में कोहरे का रेड अलर्ट जारी कर दिया है, जबकि छह जिलों भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, झज्जर, फरीदाबाद, अंबाला के लिए ऑरेंज अलर्ट व शेष जिलों में येलो अलर्ट जारी कर दिया है।

मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्र मोहन ने बताया कि बुधवार को हरियाणा एनसीआर दिल्ली में रात्रि तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस से 9.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है, जबकि जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान क्रमशः 6.5 डिग्री सेल्सियस व 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। सम्पूर्ण इलाके में रातें ठंडी व दिन गर्म बने हुए हैं। दिनभर सूर्य देव की चमकदार धूप खिली रहने से आमजन को दिन में ठंड से राहत मिल रही है।

## मेडिकल स्टोर पर मिली नशीली दवा व एमपीटी किट

- सीएम फ्लाइंग ने 386 नशीले कैप्सूल व 9 एमपीटी किट बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



सीएम फ्लाइंग टीम ने बुधवार को सतनाली चौक स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। टीम को छापेमारी के दौरान मेडिकल से भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल व एमटीपी किट मिले है। देर शाम तक टीम मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की कार्रवाई कर रही थी। सिटी पुलिस भी मौजूद रही।बता दे की सीएम फ्लाइंग टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि सतनाली चौक स्थित श्री श्याम मेडिकल स्टोर पर नशीले कैप्सूल व एमटीपी किट बेचने का काम करता है। इसी सूचना पर एक टीम का गठन किया गया जिसमें सीएम फ्लाइंग की ओर एएसआई सचिन कुमार, ड्रग इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार, नारनौल नागरिक अस्पताल के डॉक्टर कंवर सिंह, डॉक्टर मनीष, पुलिस की तरफ से उपनिरीक्षक कृपाल सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुशीला देवी शामिल किए गए। टीम ने गांव खायरा निवासी मालिक दीवान सिंह मिला। जब टीम ने जांच की तो 386 नशीले कैप्सूल मिले। टीम को 9 एमपीटी किट भी मिली, जो गर्भपात करने के काम आती है। आसपास के मेडिकल संचालकों में मची खलबलीजब टीम ने दोपहर के समय सतनाली चौक पर श्री श्याम मेडिकल स्टोर पर रेड की तो आसपास के मेडिकलों में हड़कंप मच गया।

## जाट पाली में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियां हुई ध्वस्त बिना अनुमति के काटी कॉलोनी में बनाया रोड नेटवर्क

**महेंद्रगढ़।** जिला नगर योजनाकार की टीम ने बुधवार को नियंत्रित क्षेत्र जाट पाली में महेंद्रगढ़-दादरी रोड पर लगभग दो एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार जाट पाली में कुछ लोगों की ओर से लगभग दो एकड़ में महानिदेशक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा चंडीगढ़ से बिना लाइसेंस अनुमति लिए अवैध कॉलोनी बनाई जा रही थी व रोड नेटवर्क बिछाए जा रहे थे। जिसे जिला प्रशासन की मदद से तोड़ दिया गया। इस कार्रवाई में पांच डीपीसी व सभी कच्चे रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। इस बारे में जिला नगर योजनाकार मंदीप सिंह सिहाग ने कहा कि नियंत्रित ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें तथा महानिदेशक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा चंडीगढ़ से लाइसेंस अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें अन्यथा चूककर्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



## खुले में बीती सर्द रात, प्रशासन ने नहीं ली सुध

- मांगें मानने तक धरना जारी रखने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। लघु सचिवालय के सामने खुले आसमान के नीचे सोते महिला के परिवार के सदस्य।

गांव चितंलाग निवासी महिला प्लाट के लिए रास्ता दिलाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी महिला व उसके परिवार की सर्द रात खुले आसमान के नीचे बीती। फिर भी प्रशासन ने परिवार की सुध नहीं ली। महिला ने कहा कि जब उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती, उनका परिवार के साथ सचिवालय के सामने धरना जारी रहेगा।

गांव चितलांग निासी महिला कृष्णा देवी का प्लाट का गेट पंचायती रास्ते की ओर निकालने को लेकर गांव के कुछ लोगों के साथ विवाद चल रहा हैं। इस मामले में पीड़ित महिला काफी समय से अधिकारियों के चक्कर लगा रहीं हैं, सुनवाई नहीं हो रहीं हैं। मंगलवार की शाम से महिला ने अपने परिवार के साथ लघु सचिवालय के सामने धरना शुरू कर दिया। रात के समय महिला कृष्णा देवी के साथ, उनकी 75 वर्षीय अपनी सास, देवर बलजीत सिंह तथा पांच वर्ष से कम आयु के तीन बच्चों के साथ धरने पर रहें। उनके पास जमीन संबंधी सभी कागजात हैं। इसके बावजूद भी उन्हें मैन रास्ते की ओर प्लाट का दरवाजा नहीं निकालने दिया। गांव के कुछ लोगों की ओर से उनके प्लाट के आगे रास्ते रोक दिया गया है तथा उसके साथ मारपीट भी की गई। पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। महिला ने डीएसपी के ऑफिस के एक पुलिस कर्मचारी के दवाब में कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगया हैं। आरोपित लगातार उनके साथ मारपीट करने धमकी दे रहे है लेकिन पुलिस आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहीं। जब तक आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती जब तक वह परिवार के साथ धरने दिन-रात धरने पर बैठे रहेंगे।

## महरमपुर से जाखनी सड़क का निर्माण शुरू, खुशी में बांटे लड्डू

# 1.75 किमी. लंबी सड़क, 3.60 करोड़ की लागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जब सात मई को गांव गहली में जजपा जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली की अगुवाई में जन सम्मान रैली हुई तो वहां आए उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के समक्ष महरमपुर से जाखनी सड़क निर्माण की मांग रखी थी। रैली के एक पखवाड़े बाद ही चंडीगढ़ से मंजूरी मिली। अब टेंडर अलार्ट होकर बुधवार सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। इस पर वहां के ग्रामीणों ने एकत्रित होकर लड्डू बांटकर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला व प्रवक्ता सिकंदर गहली का आभार जताया है।



नारनौल। महरमपुर से जाखनी सड़क निर्माण कार्य करती जेसीबी मशीन व लड्डू बांटकर डिप्टी सीएम का आभार जताते ग्रामीण।

सात मई को गांव गहली में जन सम्मान समारोह के लिए आयोजक जजपा जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने गांवों का दौरा किया था। दौरे के दौरान जब महरमपुर व जाखनी में पहुंचे तो दोनों गांवों के ग्रामीणों ने महरमपुर से जाखनी सड़क मार्ग का निर्माण करवाने की मांग रखी थी। इसी मांग को सिकंदर गहली में सात मई को आए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के समक्ष रखा था। मांग करने के 16 दिन ही बीते थे, डिप्टी सीएम ने अधिकारियों की बैठक लेकर इस सड़क निर्माण की मंजूर अधिकारिक तौर पर दे दी। पीडब्ल्यूडी विभाग के मुताबिक महरमपुर से जाखनी के बीच 1.75 किलोमीटर की दूरी है। इस सड़क के निर्माण पर तीन करोड़ 60 लाख चार हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। इस सड़क के निर्माण के लिए टेंडर अलार्ट होने के बाद एजेंसी ने सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जब सड़क निर्माण शुरू होने की सूचना ग्रामीणों को मिली तो वह एकत्रित हुए। इस दौरान गांव महरमपुर के सरपंच प्रतिनिधि बलवान, शेरू चौधरी, बिरेंद्र सिंह, गुलाब सिंह, दलीप सिह, अनुप सिंह, विक्रम, मुकेश, मुंशी सूरजभान, विजय, अमित, शुभम, आशीष, अमित, कपूरसिंह, महेंद्र व शीशराम ठेकेदार ने उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार व्यक्त किया है।



नया साल 2024 शुरू होने वाला है। आप जरूर चाहेंगे कि आने वाले साल में आप शारीरिक के साथ ही मानसिक रूप से भी स्वस्थ, ऊर्जावान और सकारात्मक रहें। इसके लिए आपको अपनी जीवनशैली में बदलाव से जुड़े कुछ संकल्प लेने होंगे। इन संकल्पों को लेकर अगर आप इन पर अमल करेंगे तो पूरे साल मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे।

# तन-मन रहेगा स्वस्थ नए साल पर लें ये 5 संकल्प




डॉक्टर एडवाइस

**डॉ. ज्योति कपूर**
साइकोलॉजिस्ट, नई दिल्ली

आने वाले नए साल की शुरुआत अपने जीवन में कुछ अच्छी आदतों को अपना कर करें तो इससे आपका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों ही बेहतर रहेगा। आपका मन स्वस्थ है तो आप किसी भी जिम्मेदारी को आसानी से ले सकते हैं, उसे बोझ नहीं समझेंगे और बेहतर तरीके से निभा भी सकेंगे। कहा जाता है कि मन से शरीर का संबंध बहुत गहरा होता है। मन शांत और प्रसन्नचित्त हो तो शरीर भी तंदुरुस्त रहता है। इसलिए अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नए साल के लिए पांच रेजॉल्यूशन यानी संकल्प लें।

### सोच को रखेंगे सकारात्मक

यदि आप किसी भी परिस्थिति में अपनी सोच को सकारात्मक रखते हैं तो इससे आप अपनी समस्या का निदान ही नहीं करते हैं, बल्कि उस समस्या का प्रभाव आपके व्यक्तित्व पर भी नहीं पड़ता है। आप उस परेशानी में उलझने से सदा के लिए बच जाते हैं। कई बार हम दूसरे से अपनी तुलना करने लगते हैं, जो हमारी सेहत के लिए भी ठीक नहीं होता है। यह जरूरी नहीं है कि जो चीज हमारे पास है, वह दूसरे के पास भी हो। दूसरे के अगर पास वो चीज नहीं है तो इससे हमारे अंदर अहंकार पैदा होता है। यदि अपने पास वो चीज नहीं है तो दूसरे को देखकर ईर्ष्या होने लगती है। ये दोनों ही आदतें हमारी मानसिक शांति और सुकून को छीन लेती हैं। इससे बचने के लिए यह जरूरी है कि इस नए साल में हम अपनी सोच को हर दशा में सकारात्मक रखने का संकल्प लें।



### हॉबी को देंगे समय

हर व्यक्ति की कोई ना कोई हॉबी जरूर होती है। डांसिंग, सिंगिंग, रीडिंग, प्लेयिंग, पेंटिंग या टूरिज्म जैसी कोई ना कोई हॉबी आपको भी जरूर होगी। अपने घर, परिवार की जिम्मेदारियों और काम से समय निकाल कर अपनी हॉबी को जरूर समय दें। इससे आपका आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है, साथ ही एक नया दृष्टिकोण भी मिलता है। हॉबी से हमारी रचनात्मक क्षमता बढ़ती है और हमें खुशी भी मिलती है, जिसके कारण हमारे ब्रेन से हैप्पी केमिकल निकलता है। इसीलिए हमारे जीवन में एक हॉबी का होना बहुत जरूरी है। वैसे भी जिस काम में हमारा मन लगता है, जिसमें हमें खुशी मिलती है, उसके लिए हमें रोज कुछ समय जरूर निकालना चाहिए।



### वर्क-पर्सनल लाइफ में करेंगे बैलेंस

जीवन का आनंद लेने और तनाव से बचे रहने के लिए अपनी पर्सनल लाइफ और वर्क लाइफ में हमेशा बैलेंस करना सीखें। अकसर देखा जाता है कि कुछ लोग अपने वर्क लाइफ पर ही अधिक फोकस करते हैं, पर्सनल लाइफ पर उतना ध्यान नहीं दे पाते हैं। नतीजा वर्क लाइफ में तो अच्छा परफॉर्म करते हैं लेकिन पर्सनल लाइफ में अपनों से बहुत दूर हो जाते हैं, जिससे संबंधों में दूरियां और खटास आने लगती है। ऐसे लोग अपनी हेल्थ पर भी ध्यान नहीं दे पाते और अपने काम में इतने व्यस्त होते हैं कि पूरी नींद भी नहीं ले पाते हैं, जिससे वे कई तरह की बीमारियों से असमय ग्रस्त होने लगते हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए नए वर्ष में अपनी फैमिली के साथ समय बिताने, अपनी पर्सनल और वर्क लाइफ में बैलेंस करने का भी रेजॉल्यूशन जरूर लें।

### गैजेट्स एडिक्शन से रहेंगे दूर

इंटरनेट, मोबाइल, टैबलेट और लैपटॉप से एक तरफ हमारे जीवन में कई तरह की सुविधाएं मिल गई हैं तो इनका एडिक्शन एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। इसका दुष्प्रभाव समाज के सभी वर्ग के लोगों पर पड़ रहा है। हमारी मानसिकता पर तो इसका प्रभाव पड़ ही रहा है, यहां तक कि यह हमारे संबंधों को भी खराब कर रहा है। अकसर हम इंटरनेट, मोबाइल के जरिए सोशल मीडिया में इतना समय बर्बाद करते हैं कि हमारे आस-पास क्या हो रहा है उस तरफ हमारा ध्यान ही नहीं जाता है। इतना ही नहीं यह एडिक्शन हमारी रचनात्मक क्षमताओं पर भी प्रभाव डालता है। इसलिए यह ध्यान रखना जरूरी है कि इंटरनेट और मोबाइल हमारे जीवन के कामों को सरल बनाने के साधन हैं। अपने काम के लिए इसका उपयोग जरूर करें, लेकिन इनका दुरुपयोग या अत्यधिक उपयोग करने से बचें। इसलिए एक संकल्प यह भी लें कि नए वर्ष में इंटरनेट और गैजेट्स का लिमिटेड यूज करेंगे। इसके एडिक्शन से बचेंगे।





### निःस्वार्थ भाव से सेवा करेंगे

जब हम बिना किसी स्वार्थ के कोई काम करते हैं तो हमें उस काम को करने से आंतरिक खुशी मिलती है, क्योंकि जब हम कोई नेक काम करते हैं और उसमें हमारी कोई आसक्ति (जैसे हमें उससे नाम, पैसा या मान मिले) नहीं रहती है तो हम उस काम को दिल से करते हैं। उसमें हमारा कोई स्वार्थ नहीं होता है तो हमें स्वतः ही अपार खुशी का अनुभव होता है। जब हम अपने घर-परिवार के लिए काम करते हैं तो यह हमारी जिम्मेदारी होती है। हमें लगता है कि इसे हम नहीं करेंगे तो कौन करेगा? जब हमारी रुचि निःस्वार्थ सेवा करने में होती है तो हम उस काम को बोझ नहीं समझते हैं। तब हम सबके प्रति अच्छा सोचते हैं, शुभ भावना और शुभकामना रखते हैं। इसीलिए किसी अनाथालय या ओल्ड एज होम में जाकर बच्चों के साथ समय बिताएं या बुजुर्गों की सेवा जरूर करें। इससे आपको दुआएं मिलेगी और अपने काम से संतुष्टि भी। इससे सारा मानसिक तनाव दूर होगा, आत्मिक शांति मिलेगी। नए वर्ष में ऐसी कोई हैबिट जरूर शुरू करें। *

**प्रस्तुति : संध्या रानी**


---

टीवी आर्टिस्ट्स

# न्यू ईयर हेल्थ रेजॉल्यूशंस

न्यू ईयर पर रेजॉल्यूशन लेने का ट्रेंड है। टीवी के कुछ आर्टिस्ट भी न्यू ईयर पर रेजॉल्यूशन लेते हैं। **हरिभूमि** को तीन टीवी आर्टिस्ट बता रहे हैं अपना न्यू ईयर हेल्थ रेजॉल्यूशन।

## नए साल में अपनी फिटनेस पर फोकस करूंगा: दर्शन गुर्जर



**सोनी सब** के सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में दर्शन गुर्जर, चिराग की भूमिका निभा रहे हैं। न्यू ईयर पर वह क्या रेजॉल्यूशन लेने वाले हैं, सवाल पूछने पर कहते हैं, 'मैं सकारात्मक बदलावों के बारे में सोच रहा हूं। इस साल मैं मुख्य रूप से अपनी फिटनेस को पटरी पर लाने पर फोकस करूंगा। मेरा बॉडी बिल्डर बनने के लिए कोई टारगेट नहीं है। मैं ऐसे काम करना चाहता हूं, जिनसे मुझे खुशी मिले। सुबह पुशअप्स और पुलअप्स करना एक ताजगी देने वाली एक्टिविटी है। मैं नए साल से ये एक्टिविटी करूंगा। साथ ही इसी महीने से मैं अपने डाइट के प्रति अधिक एलर्ट हो गया हूं। मुझे इंटरमिटेंट फास्टिंग शुरू करने से बेहतर महसूस होता है, जिससे मेरे शरीर और दिमाग दोनों को पॉजिटिव एनर्जी मिलती है। मैं नए साल में भी इसे करता रहूंगा। हमें जिंदगी में काम के साथ-साथ अपनी सेहत का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी होता है, स्वास्थ्य सही होगा तभी हम दैनिक दिनचर्या में काम करने के लिए सक्षम रहेंगे। काम और जिंदगी के बीच एक हेल्दी बैलेंस बनाए रखने के लिए मैं खुद को अपनी सीमा से बाहर ज्यादा खींचने की कोशिश नहीं करूंगा।' *

## सुबह जल्द उठकर करूंगा सूर्य नमस्कार: आशुतोष कुलकर्णी



**एंडटीवी के** सीरियल 'अटल' में कृष्ण बिहारी वाजपेयी की भूमिका में आशुतोष कुलकर्णी नजर आ रहे हैं। नए साल पर वह क्या रेजॉल्यूशन लेने वाले हैं, पूछने पर आशुतोष जवाब देते हैं, 'मैंने न्यू ईयर रेजॉल्यूशन लिया है कि नए साल के पहले दिन से ही अपने सेहत और मानसिक शांति के लिए सुबह सूर्योदय से एक घंटा पहले उठूंगा। उस एक घंटे में मेडिटेशन और कुछ सिंपल से व्यायाम करूंगा। ऐसा करने से एकाग्रता बढ़ेगी, मन शांत होगा और हर परिस्थिति में मेरा मन स्थिर रहेगा। शांत मन और शरीर ना केवल मेरे शारीरिक स्वास्थ्य को बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी अच्छा रखेगा। स्वास्थ्य, मेरे लिए मूल रूप से मन, शरीर और आत्मा की एक खुशहाल स्थिति है। मैं पहले से थोड़ा-थोड़ा जिम में एक्सरसाइज करता हूं। अब में जल्दी उठूंगा तो ध्यान के बाद सूर्य नमस्कार भी करूंगा। अभी मैं चार बार सूर्य नमस्कार करता हूं, नए साल से रोजाना बारह बार करूंगा। नए साल साल से इन सबकी शुरुआत करूंगा, ईमानदारी से करूंगा। इससे मेरा शारीरिक और मानसिक संतुलन बना रहेगा। मैं सभी को यही कहना चाहूंगा कि आज के तनाव भरे जीवन में किसी को अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।' *

## डाइट का ध्यान रखूंगा-कभी झूठ नहीं बोलूंगा: विनीत कुमार चौधरी



**शेमारू टीवी** पर हाल ही में शुरू हुए सीरियल 'कर्माधिकारी शनिदेव' में शनिदेव का किरदार विनीत कुमार चौधरी निभा रहे हैं। न्यू ईयर पर उन्होंने क्या रेजॉल्यूशन लिया है, पूछने पर वे बताते हैं, 'मैं हमेशा से अपने फिटनेस को लेकर बहुत ज्यादा कॉन्सश रहा हूं। मेरा मानना है कि मुझे अपनी डाइट में ज्यादा बदलाव नहीं करना चाहिए। इसलिए मैं अपनी डाइट को सरल बनाए रखने की कोशिश करता हूं। साथ ही समय पर व्यायाम करता हूं, पूरी नींद लेता हूं, सही मात्रा में पोषक तत्वों का सेवन करता हूं। अपने खाने में शकरकंद और शहद का सेवन जरूर करता हूं। मैं इस बात का ख्याल रखता हूं कि मिठाइयों से दूर रहूं क्योंकि यह मुझे बहुत ज्यादा पसंद है। नए साल पर इन चीजों का ख्याल रखूंगा। साथ ही मैं ड्रिंक नहीं करूंगा और झूठ नहीं बोलूंगा। वैसे भी शनिदेव का किरदार को निभाने के बाद, मेरे मुंह से झूठ निकलता ही नहीं है। मुझे लगता है, नए साल पर सभी को अपने जीवन में ऐसा कोई खास प्रण जरूर लेना चाहिए, जिससे उनके जीवन में कोई बड़ा बदलाव आए।' *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

---

एलर्टनेस

# फिर बढ़ रहा कोरोना संक्रमण सतर्क रहें-बरतें सावधानी



पूरे विश्व में कोहराम मचाने वाली कोरोना महामारी को लेकर अभी भी खतरा कम नहीं हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नए जेएन.1 कोरोना वायरस स्ट्रेन को 'वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित किया है। भले ही लोगों ने बढ़-चढ़कर वैक्सीनेशन कराया है लेकिन समय-समय पर कोरोना वायरस के नए वेरिएंट्स के सामने आने से खतरा कम होता नजर नहीं आ रहा है। एक बार फिर से खतरे की घंटी बजी है और इसका एक और नया सब वेरिएंट जेएन.1 देश-दुनिया में लोगों को संक्रमित कर रहा है। केरल में हाल ही में इस सब वेरिएंट जेएन.1 की पुष्टि की गई है। इसलिए इसके बारे में जानना और सावधान रहना बहुत जरूरी है।

**क्या है सब वेरिएंट जेएन.1 :** कोरोना का यह नया सब वेरिएंट इतनी तैजी से कैसे फैल रहा है? इस बारे में पूछने पर श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट- पल्मोनोलॉजी-**डॉ. अनिमेष आर्या** बताते हैं, 'सबसे पहले यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर यह नया सब वेरिएंट है क्या? दरअसल डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन सेंटर (सीडीसी) के मुताबिक कोरोना का यह सब वेरिएंट, ओमिक्रॉन सब वेरिएंट बीए.2.86 का ही नेक्स्ट जेनरेशन है और इसे दूसरी भाषा में पिरोला भी कहा जाता है। यदि विशेषज्ञों की नजरों से समझें तो जेएन.1 और बीए.2.86 के बीच केवल एक ही अंतर है- स्पाइक प्रोटीन में बदलाव, जिस कारण इस वायरस का संक्रमण अन्य वायरस की तुलना में तेजी से फैलने में सक्षम है। इस नए सब वेरिएंट से सावधान रहने के लिए आपको बहुत ही सावधानी बरतने की आवश्यकता है।'

**जेएन.1 संक्रमण के लक्षण :** कोरोना के इस नए सब वेरिएंट से संक्रमित होने के लक्षणों के बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट- पल्मोनोलॉजी और स्लीप मेडिसिन, **डॉ. नवनीत सूद** बताते हैं, 'पिछले कोरोना वेरिएंट्स की ही तरह इसमें भी मिलते-जुलते लक्षण दिखाई दे रहे हैं। जैसे- लगातार बुखार आना, खांसी आना, नाक जाम हो जाना, नाक से पानी बहना, जल्द थकान, सिर दर्द, स्वाद या गंध का सेंस कम होना, गला खराब होना, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं आदि। डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन सेंटर के मुताबिक कोई खास लक्षण अलग से नजर नहीं आए हैं, जिसकी वजह से यह पता लगा पाना मुश्किल है कि लक्षण पिछले कोरोना वेरिएंट के मुकाबले अलग हैं या नहीं, इसलिए अगर आपको ऐसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में अपनी जांच कराएं, मास्क लगाकर रखें और लोगों से दूरी भी बनाकर रखें।

**संक्रमण से बचाव के उपाय :** कोरोना से बचाव के उपाय के बारे में नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट- इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. पंकज वर्मा** बताते हैं, कुछ विशेषज्ञों की मानें और सीडीसी के मुताबिक फिलहाल इसका कोई सबूत नहीं है कि यह नया वेरिएंट बहुत खतरनाक है। फिर भी जिस प्रकार से इसका संक्रमण वैश्विक स्तर पर तेजी से फैल रहा है, उसको देखते हुए बहुत ही सावधान रहने की आवश्यकता है।

- यदि आपने अभी तक वैक्सीनेशन नहीं कराया है तो तुरंत वैक्सीनेशन कराएं।
- सोशल डिस्टेंसिंग बनाकर रखें, भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें।
- कोरोना के कोई लक्षण दिखें तो तुरंत अपनी जांच करवाएं। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर संक्रमित को अलग रहने दें और कोरोना नियमों का पालन करें।
- घर से बाहर जाते समय मास्क और हैंड सेनीटाइजर का इस्तेमाल करें।
- अपने हाथ साबुन से धोते रहें। *

**प्रस्तुतिः सेहत डेस्क**

---

औषधीय वृक्ष

# औषधीय गुणों से भरपूर पारिजात

पारिजात का पेड़ अत्यंत गुणकारी होता है लेकिन यह बहुतायत से नहीं उगता है। औषधीय गुणों से भरपूर पारिजात के पेड़ का आयुर्वेद में बहुत महत्व है। क्षेत्रीय भाषाओं में पारिजात को हरसिंगार, कूरी, सिहारु, नाइट जैसमिन, रागपुष्पी, गंगा सेयोली, पारडिक, जया पार्वती और ट्रीटी सैडनेस नामों से भी जाना जाता है। पारिजात के उपयोगी हिस्से इसके पत्ते, जड़, छाल, बीज और फूल हैं।

**सेवन के लाभः** पारिजात के बीजों का सेवन बवासीर की बीमारी में लाभदायक है। सर्दी, जुकाम और खांसी में इसके पत्तों का सेवन हितकर है। साथ ही पेट के कीड़ों को भी नष्ट करता है। जोड़ों का दर्द, अर्थराइटिस के मरीजों के लिए भी इसका सेवन गुणकारी है। एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होने के कारण कई बीमारियों में लाभ करता है। इसके पत्ते और छाल का सेवन बुखार को तुरंत कम करता है, इसलिए मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया में बहुत लाभदायक है। मधुमेह रोगियों के लिए इसके पत्तों के काढ़े का सेवन बहुत गुणकारी है।



**सेवन का तरीकाः** अब पारिजात के सेवन के तरीके के बारे में जान लेते हैं।

- डैंड्रफ से परेशान हैं या दूषित खान-पान, कार्य की व्यस्तता, पोषक तत्वों की कमी के कारण सिर के बाल झड़ रहे हैं। ऐसे में पारिजात के बीजों का पेस्ट सिर पर लगाने से डैंड्रफ और सिर के बाल झड़ने जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। सिर पर फुंसियां होती हैं या खुजाने से बॉडी पर घाव हो जाता है तो भी इसके बीज का पेस्ट फायदेमंद है।
- गले की बीमारी गलशुंडी से परेशान हैं तो इसकी जड़ को चबाने से गले को आराम मिलता है।
- नाक या कान से खून आता हो तो इसकी जड़ अच्छी तरह धोकर चबाने से राहत मिलती है।
- बार-बार पेशाब आने से परेशान हैं तो इसके पत्ते, जड़ और फूल को मिलाकर काढ़ा बनाकर दो से चार चम्मच दिन में दो बार लेना फायदेमंद हो सकता है।
- शरीर में दर्द वाले स्थान पर इसके पत्तों को पीस कर गुनगुना करके दर्द वाले स्थान पर लगाने से दर्द से राहत मिलती है।
- दाद से परेशान हों तो इसके पत्तों को पीस कर रस निकाल कर दाद पर लगाएं, आराम मिलेगा।

यहां बताए गए उक्त सभी उपाय, उपचार सामान्य हैं। प्रयोग करने से पहले अपने अनुभवी वैद्य या आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। *

**-वैद्य हरिकृष्ण पांडेय 'हरीश'**

---

हेल्थ एडवाइस

**डॉ. माजिद अलीम**

सर्दी के मौसम में अधिकतर बुजुर्ग लोग, जोड़ों के दर्द से परेशान रहते हैं। शरीर में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ने से यह समस्या होती है। इसे कंट्रोल करने के लिए कुछ सरल उपायों से आपको राहत मिल सकती है।

# सर्दियों में जोड़ों का दर्द इन उपायों से मिलेगी राहत



जो लोग जोड़ों के दर्द से पीड़ित होते हैं, सर्दियां उनके लिए बहुत कष्टदायक होती हैं। क्योंकि सर्दियां आते ही जोड़ों का दर्द बढ़ जाता है। इसके पीछे का कारण होता है शरीर में बढ़ा हुआ यूरिक एसिड। इसलिए जिनको बढ़े हुए यूरिक एसिड की शिकायत हो, उन्हें सर्दियों में कुछ विशेष तरह की सावधानियां बरतनी चाहिए।

**गुनगुने पानी का सेवन करें :** अगर आपको बढ़े हुए यूरिक एसिड की शिकायत रहती है तो इस मौसम में लगातार गुनगुना पानी पीना चाहिए। इससे हड्डियों और जोड़ों में जमा यूरेट क्रिस्टल धीरे-धीरे पिघल कर मूत्र के रास्ते शरीर से बाहर निकल जाता है। लब्बोलुआब यह कि ऐसे लोगों को सर्दियों में गुनगुना पानी पीना चाहिए, ताकि उनके जोड़ों का दर्द कंट्रोल में रहे। सर्दियों में कम पानी पीने की भूल कतई ना करें। सर्दियों में कम पानी पीएंगे तो यूरिक एसिड और ज्यादा परेशान करेगा। दरअसल, यह भी एक किस्म का विषाक्त पदार्थ है, जो गुनगुने पानी के सेवन करने से शरीर से बाहर निकलता रहता है। अब सवाल है कितना पानी पीना चाहिए? इसका कोई तय नियम नहीं है। आमतौर पर ढाई से तीन लीटर के बीच प्रतिदिन पानी पीना पर्याप्त माना जाता है।

**खट्टे फलों का सेवनः** खट्टे फल मसलन नीबू, संतरा, आंवला, अनानास, चेरी, स्ट्रॉबेरी, मौसंबी और पपीता आदि विटामिन सी से भरपूर होते हैं। खट्टे फलों के नियमित सेवन से इनमें मौजूद विटामिन सी शरीर के अंदर यूरिक एसिड को क्रिस्टल के रूप में जमा नहीं होने देती। इसलिए ये सभी फल प्राकृतिक रूप से यूरिक एसिड को कम करने में मददगार होते हैं। खासकर जिन लोगों को हड्डियों-जोड़ों में दर्द और यूरिक एसिड बढ़ा हुआ हो, उन्हें तो खट्टे फलों को अपनी नियमित खुराक का हिस्सा बना लेना चाहिए। इनमें सबसे ज्यादा फायदेमंद है आंवला।

**इन सब्जियों का करें सेवनः** खट्टे फल की तरह कई सब्जियां भी यूरिक एसिड को नियंत्रित करने में सहायक होती हैं। इनमें कद्दू, टमाटर, खीरा, मशरूम, परवल आदि विशेष रूप से फायदेमंद सब्जियां हैं। ये सब्जियां शरीर में सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करती हैं, जिससे यूरिक एसिड का लेवल कम हो जाता है। कद्दू में विटामिन सी, बीटा कैरोटिन, ल्यूटिन जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट तत्व होते हैं। इसमें मौजूद फाइबर मेटाबॉलिज्म को सक्रिय करता है, जिससे पाचनशक्ति बेहतर रहती है और यूरिक एसिड नियंत्रित रहता है। टमाटर भी विटामिन सी का भंडार है, जबकि खीरा फाइबर के भंडार होने के साथ-साथ पानी से भी भरपूर है, जिससे किडनी में गाउट की समस्या से बचाव होता है। मशरूम में बीटा-ग्लूकेंस होता है, जो यूरिक एसिड की समस्या से निजात दिलाता है। परवल खाने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है, जिससे गाउट और गठिया के मरीजों को दर्द से राहत मिलती है।

**ये मसाले भी हैं मददगारः** यूरिक एसिड को नियंत्रित करने में रसोई में पाए जाने वाले कई मसालों की जबरदस्त भूमिका हो सकती है। दरअसल, यूरिक एसिड शरीर में एक गंदगी की तरह जमा हो जाता है, इसे कुछ मसालों के खाने से शरीर से बाहर करने में मदद मिलती है। हल्दी, अदरक, अजवाइन और अलसी खाने से यूरिक एसिड की समस्या में फायदा होता है। अजवाइन इनमें सबसे ज्यादा फायदेमंद होती है, क्योंकि अजवाइन में एंटी-इफ्लेमेटरी गुण होते हैं, इस कारण यह शरीर में बनने वाले यूरिक एसिड के क्रिस्टल को तोड़ती है और इस तरह जोड़ों के दर्द से मुक्ति दिलाता है। *

**आमंत्रित हैं लेख...**
स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें
हरिभूमि- संपादक-सेहत
129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035
या मेल करें- sehatharibhoomi@gmail.com

## खबर संक्षेप



### रावका मोहल्ले में सुंदरकांड पाठ

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल मंगलवार रात को मोहल्ला रावका में मनीष सैनी व सुनील सैनी के निवास स्थान पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। आचार्य अश्वनी शर्मा ने हनुमान चालीसा व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया। जिसमें रामानंद शर्मा, महावीर प्रसाद अग्रवाल, राजेश सोनी, गौरीशंकर शर्मा, प्रशांत सैनी, संजय शर्मा, राकेश गुप्ता, शिवशंकर अग्रवाल मौजूद रहे।



### खेड़ी स्कूल में रोल मॉडल कार्यक्रम

**कनीना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी तलवाना में बुधवार को रोल मॉडल समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय विवि से उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही छात्रा दीपिका कुमारी रोल मॉडल के रूप में पहुंची। जिसका विद्यालय के प्राचार्य दीपक लाटा सहित अन्य स्टॉफ ने सम्मान किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि साधारण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से होने के कारण विशेषकर छात्राओं को अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### पत्रकार प्रदीप बालरोडियों की माता का निधन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा पत्रकार संघ के जिला प्रधान प्रदीप बालरोडिया की माता लाडो देवी का निधन हो गया है। वह 80 वर्ष की थी। बता दें कि



प्रदीप बालरोडिया की माता पिछले दो माह से बीमार चल रही थी। बुधवार को उन्होंने अपने आवास पर ही अंतिम सांस ली। दोपहर बाद मोदाश्रम के पास स्थित स्वर्ग आश्रम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े भाई ठेकेदार अनिल बालरोडिया ने मुख्याग्नि दी।



### जांगिड़ सभा ने मनाया 116वां स्थापना दिवस

**नारनौल।** जांगिड़ समाज की ओर से बुधवार को शहर में पुल बाजार स्थित विश्वकर्मा मन्दिर में अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा का 116वां स्थापना दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रोहताश जांगिड़ ने की। इस मौके पर महासचिव सत्यनारायण जांगिड़, महासभा संरक्षक श्रीकृष्ण अवतार शर्मा, महासभा उपप्रधान राधेश्याम मण्डलाना, बाबूलाल खोडमा, उप-प्रधान महासभा रामनिवास जेई, चन्द्रशेखर जांगिड़, कैलाश सरपंच मित्रपुरा मौजूद रहे।




### गौशाला में गोवंश के लिए लगाई सवामणी

**महेंद्रगढ़।** देवास रोड निर्माणाधीन बेसहारा गौवंश गोशाला में शहरवासी मनोज यादव ने सवामणी का आयोजन कर गायों को चाट खिलाई। गौसेवक प्रमोद बेवल ने सवामणी आयोजक का आभार जताते हुए बताया कि इन बेसहारा गौवंश के लिए चारे आदि की व्यवस्था गौभक्तों द्वारा की जा रही है और यह पुण्य का कार्य है। इस मौके पर हवा सिंह, सूरज कुमार, अविनाश कुमार व पंकज कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

---

### केंद्र व प्रदेश सरकार 9 साल से सर्वसमाज का कर रही उत्थान : डॉ. अभय यादव

# यात्रा में नागरिकों ने वर्चुअल सुना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन



नारनौल। प्रदर्शनी का अवलोकन करते विधायक डा. अभय सिंह यादव।



नारनौल। उज्ज्वला योजना के तहत पात्र नागरिकों को एलपीजी गैस कनेक्शन वितरित करती पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव। फोटो : हरिभूमि

गांव कांवी, खानपुर, दोस्तपुर, सैदलीपुर, खैराना, कोका, नानगवास में पहुंची विकसत भारत यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार पिछले नौ वर्ष से समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए लगी हुई है। विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा भी इसी जन भलाई का एक हिस्सा है। इसके माध्यम से प्रशासन प्रत्येक लाभार्थी तक उनके घर द्वार पर पहुंचकर सेवाएं देने में लगा हुआ है। यादव बुधवार को गांव में विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा में संबोधित कर रहे थे। विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा बुधवार को खंड के गांव कांवी व खानपुर, नांगल चौधरी खंड के गांव दोस्तपुर व सैदलीपुर, कनीना खंड के गांव खैराना व कोका तथा महेंद्रगढ़ खंड के नानगवास व नांगल सिरोही गांव में पहुंची। गांव दोस्तपुर व सैदलीपुर में नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव, कांवी व खानपुर में भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं खैराना में पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव व कोका में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजीत कलवाड़ी तथा महेंद्रगढ़ खंड के नानगवास में पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा के भतीजे नवीन शर्मा व नांगल सिरोही में जिला पार्षद देवेंद्र ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इन सभी स्थानों पर नागरिकों ने वर्चुअल माध्यम के जरिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना। विधायक डा. अभय सिंह यादव ने कहा कि सरकार ने अब ऐसी व्यवस्था बनाई है कि गरीब लोगों को दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। भविष्य में इसके और भी अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर देश को वर्ष 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो व्यवस्था परिवर्तन किया है उसे हर नागरिक को फायदा हुआ है। डा. अभय सिंह यादव ने गांव सैदलीपुर में लोगों की ओर से की गई राशन की शिकायत पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में गांव के लोगों को गांव में ही राशन उपलब्ध करवाएं। गांव कांवी में नागरिकों को संबोधित करते हुए बीजेपी जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने कहा कि यह संकल्प यात्रा देश के गरीब लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की मोदी व मनोहर सरकार की ओर से गारंटी है। यात्रा के दौरान भारी संख्या में नागरिक जन कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव ने गांव खैराना में संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से व्यवस्था परिवर्तन का दौर चला है। उसी का परिणाम है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को भी लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा एक मील का पत्थर साबित होगी।

**आज इन गांवों में जाएगी विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा**

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा 28 दिसंबर को नारनौल खंड के गांव कारोता व नांगल शालू, नांगल चौधरी खंड के गांव शहबाजपुर व दताल, कनीना खंड के गांव मौड़ी व मानपुरा तथा महेंद्रगढ़ खंड के निहालावास व गडानिया गांव में जाएगी।

---

# स्कूलों में पॉक्सो एक्ट लागू करने पर सेमिनार

- कार्यशाला में 40 से अधिक बीआरपी व एबीआरसी और विषय विशेषज्ञों ने विषय के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़



सूर्यकांत यादव।



डॉ. सुरेंद्र चौधरी।

डाइट में कार्यशाला आयोजित कर जिला के एबीआरसी व बीआरपी को पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी गई। कार्यशाला में 40 से अधिक बीआरपी और एबीआरसी शामिल हुए। वरिष्ठ विषय विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र यादव कार्यशाला के मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने कहा कि केवल जिम्मेदारी तय कर देने से बात नहीं बनने वाली, ये विषय बड़ा संवेदनशील है। आप इसे अच्छी तरह पढ़कर विद्यालय मुखियाओं के बीच लेकर जाएं। इस खूब चिंतन मनन करें ताकि कोई ऐसा समाधान निकले कि भविष्य में इस तरह की घटनाएं समाज में न घटित हो। वहीं दूसरी ओर डॉ. राकेश कुमार द्वारा बच्चों के लैंगिक अपराधों के संरक्षण अधिनियम 2012 के क्रियान्वयन पर एक सेशन लिया गया। कार्यशाला के आयोजन में महिला बाल कल्याण आयोग का भी सहयोग रहा। कार्यशाला शुभारंभ सत्र में मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार, डॉ. सुरेंद्र यादव, डा.किरण यादव व सुरेंद्र चौधरी उपस्थित थे। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र की अध्यक्षता मनोवैज्ञानिक सूर्यकांत यादव व महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर राजबाला दिव्या की। इस सत्र में पॉक्सो एक्ट के क्रियान्वयन से जुड़ी विसंगतियों और संवेदनशील बिंदुओं पर मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार ने प्रस्तुति और सुझाव दिए। उन्होंने बच्चे और आरोपित का सामना न होने देने, मनोवैज्ञानिक सलाहकारों की उपलब्धता की कमी की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने भविष्य में पॉक्सो एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन पर विभाग द्वारा की जा रही पहल के बारे में भी अवगत कराया।

**क्या है पॉक्सो एक्ट**

प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रेन फ्राम सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट है। हिन्दी में इसे लैंगिक उत्पीड़न से बच्चों के संरक्षण का अधिनियम 2012 कहते हैं। पोक्सो एक्ट-2012 को बच्चों के प्रति यौन उत्पीड़न और यौन शोषण और पोनाेग्राफी जैसे जघन्य अपराधों को रोकने के लिए, महिला और बाल विकास मंत्रालय ने बनाया था। साल 2012 में बनाए गए इस कानून के तहत अलग-अलग अपराध के लिए अलग-अलग सजा तय की गई है। डॉ. सुरेंद्र चौधरी का कहना है यौन शोषण एक बड़ी चिंता का विषय है, जो भारत में दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। यौन शोषण से लड़ने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी इस समस्या से निपटने के लिए अपने-अपने तरीके से जिम्मेदारी लें। इसे ध्यान में रखते हुए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा इस तरह की कार्यशाला का आयोजन किया गया।

---

# रामलला मंदिर पहुंचे पूजित अक्षत

- संयोजक सांवत सिंह अक्षत लेकर शहर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़





महेंद्रगढ़। शहर में शोभायात्रा निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

अयोध्या श्री रामलला मंदिर में पूजित अक्षत को लेकर जिला संयोजक सांवत सिंह बुधवार को शहर में पहुंचे। जिनकों नगर संयोजक दयाशंकर तिवाड़ी, जिला पालक सुभाष डागर व नगर पालक महावीर भांडोरिया ने लोगों के साथ ग्रहण किया। नगर संयोजक दयाशंकर तिवारी ने बताया कि भव्य शोभायात्रा निकालते हुए भगवान श्रीराम की झांकी के साथ ढोल नगाड़े बजाते हुए राज गार्डन से शोभायात्रा के साथ सैनीपुरा, 11 हट्टा बाजार, भगवान परशुराम चौक होते हुए पुरानी रामलीला परिषद पहुंचे। पुरानी रामलीला परिषद के मंदिर में यह अक्षत विधिवत रूप से रखे गए हैं। श्रीराम की ध्वजा लेकर सैकड़ों लोग साथ-साथ चल रहे थे। तिवाड़ी ने बताया कि पूरे नगर को पांच बस्तियों व 15 वार्डों में बांटकर टोलियां बना दी गई हैं। बस्तियों व वाडोंर् के पालक व संयोजक तय कर दिए गए हैं। वाडोंर् में बस्तियों के संयोजकों को 29 से 30 दिसंबर तक सामग्री वितरित कर देंगे।

---

# खिलाड़ी धर्मेंद्र व हिमांशु को किया सम्मानित

- हैदराबाद में हुई 10वीं वर्ल्ड स्ट्रैंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता में अपने-अपने वर्ग में जीत हासिल की

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल



नारनौल। दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित करते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव।

वर्ल्ड स्ट्रैंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जीत हासिल करके लौटे भारती जिम के दो खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। मौहल्ला संघीवाड़ा में स्थित भारती जिम में हुए सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव पहुंचे। वहां दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर भारती जिम के संचालक रवि भारती ने बताया कि हैदराबाद में 18 से 21 दिसंबर के बीच 10वीं वर्ल्ड स्ट्रैंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता हुई थी। इसके सब जूनियर वर्ग के 68 किलोग्राम भार में खिलाड़ी हिमांशु ने 115 किलोग्राम वजन उठाकर जीत दर्ज की। वहीं जूनियर वर्ग के 76 किलोमीटर में खिलाड़ी धर्मेंद्र ने 257 किलोग्राम वजन उठाया और रिकॉर्ड अपने नाम किया। दोनों ही खिलाड़ियों का जब नारनौल शहर में आगमन हुआ तो रोड शो कर उन्हें जिम तक लाया गया। फिर यहां सम्मान किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि हमारे क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उन्हें निखारने की जरूरत है। यह काम भारती जिम निरंतर कर रही है। दोनों खिलाड़ी धर्मेंद्र व हिमांशु के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर युवा साथी ग्रुप हरियाणा के टिंकू प्रधान, उड़ान जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष बिरेंद्र यादव सहित अन्य लोगों ने दोनों खिलाड़ियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी।

---

# नानगवास और नांगल सिरोही पहुंची यात्रा

- यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों की लगाई गई स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़





महेंद्रगढ़। ड्रोन के माध्यम से यूरिया खाद का छिड़काव करते हुए। फोटो : हरिभूमि

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा बुधवार को गांव नानगवास व नांगल सिरोही पहुंची। इस दौरान विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं के लिए पंजीकृत किया। गांव नानगवास में पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा के भतीजे नवीन शर्मा ने मुख्यातिथि व अध्यक्षता जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने की। नानगवास गांव में सरपंच लक्ष्मी देवी ने नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। नांगल सिरोही गांव में जिला परिषद सदस्य देवेंद्र यादव ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की व नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। नानगवास गांव में नवीन शर्मा ने कृषि विभाग की ओर से किसानों को ड्रोन का प्रशिक्षण स्वयं गेहूं के खेत में जाकर दिखाया। कृषि अधिकारियों ने बताया कि नैनो यूरिया का छिड़काव करना न केवल आसान है बल्कि यह किसानों के लिए आर्थिक तौर पर भी फायदेमंद है। विभाग से बीआरसी पूजा ने हर घर जल पहुंचाने पर गांव नानगवास की सरपंच लक्ष्मी देवी व नांगल सिरोही के सरपंच गोकल चंद को अभिनंदन पत्र दिया। नानगवास गांव में सरपंच लक्ष्मी देवी ने सबसे बुजुर्ग पुरुष बृजलाल, सबसे बुजुर्ग महिला रामकला व गांव के प्रसिद्ध व्यक्ति महावीर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। गांव के स्कूल टॉपर बच्चे रोहित, पंकज, मानवी, दक्ष, दीक्षित, आयुष व तन्वी को सम्मानित किया।

**शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया**

इसी प्रकार गांव नांगल सिरोही में जिला परिषद सदस्य देवेंद्र यादव व नवीन शर्मा ने शहीद साधुराम के पुत्र कैलाश को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। नागरिक संसाधन सूचना विभाग से मैनेजर अनिता ने नांगल सिरोही गांव में कृष्ण, शेरसिंह व रमेश कुमार ने तीन परिवारों का बीपीएल राशन कार्ड बनाकर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य देवेंद्र यादव व नवीन शर्मा के द्वारा पात्रों को दिए गए।

---

# आना पवन कुमार हमारे हरी कीर्तन

- गायत्री मंत्र व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल



नारनौल। सुंदरकांड पाठ करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

शहर के रेलवे रोड स्थित अग्रसेन कॉलोनी में मंगलवार रात श्रीराम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल एवं श्रीराम मेहंदीपुर बालाजी सेवा संघ के तत्वावधान में मंगलवार रात को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। प्रधान आचार्य क्रांति निर्मल ने की, जबकि मंडल के संरक्षक सांवरमल गोयल विशेष रूप से मौजूद रहे। सर्वप्रथम आचार्य क्रांति निर्मल ने यजमान रितेश अग्रवाल व अंकित अग्रवाल से परिवार सहित पूजन करवाकर बाबा की ज्योति प्रज्ज्वलित करवाई। इसके बाद गायत्री मंत्र व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। जिसमें पंडित महेश शर्मा, विजय हल्दिया, दीपक शर्मा, विजय जैन व काशीराम पार्षद ने सुंदरकांड पाठ के दोहे व चौपाइयों का गायन किया। गौरव म्यूजिकल ग्रुप के मास्टर सुनील ने संगीत की धुन से चार चांद लगा दिए। पाठ समापन के बाद भजनों का दौर शुरू हुआ। महेश शर्मा ने आना पवन कुमार हमारे हरी कीर्तन में, दास महेंद्र निजामपुरिया ने मेरा सब कुछ लगे बाबा बस तू ही तू, तेरा छोड़ के बाबा दरबार बता मैं कहा जाऊ भजन सुनाकर भक्तों को भाव विभोर किया।

---

### बसपा नेता ने नुक्कड़ सभाओं का किया संबोधित

# अटेली क्षेत्र में आईएमटी स्थापित करने की मांग

- 12 जनवरी को बेरोजार दिवस के रूप में मनाया जाएगा युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल



नारनौल। बेवल में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते बसपा नेता अतरलाल।

गांव बेवल में बहुजन समाज पार्टी की ओर से नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए बसपा नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने अटेली हल्के में बढ़ती बेरोजगारी पर चिंता प्रकट करते हुए राज्य सरकार से हलके में तत्काल आईएमटी स्थापित करने की मांग की। अतरलाल ने कहा कि हलके के 104 गांवों में बीस हजार बेरोजगार युवा मां-बाप के सिर पर बोझ बन गए है, लेकिन सरकार युवाओं की समस्याओं के बारे में उदासीन बनी हुई है। बहुजन समाज पार्टी 12 जनवरी युवा दिवस को रोजगार दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस दिन हलके के सभी गांवों में युवा प्रदर्शन कर राज्य व केन्द्र सरकार से रोजगार को मौलिक अधिकार बनाने की मांग करेंगे।

**कार्यक्रम में उठाई जाएंगी अटेली की मांगें**

उन्होंने राज्य सरकार पर अटेली की मांगों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने अटेली को उपमंडल, दौंगड़ा अहीर को उपतहसील बनाने, आईएमटी स्थापित करने, लेबर ऑफिस स्थापित करने का वादा किया था, लेकिन नौ साल के कार्यकाल में कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ है। इससे साफ जाहिर होता है कि राज्य सरकार का सबका साथ सबका विकास का नारा ढकोसला है। युवा दिवस पर रोजगार देने के साथ अटेली हलके की महत्वपूर्ण मांगों को उठाया जाएगा। इस मौके पर भागसिंह चेयरमैन, कैलाश सेठ, शेरसिंह यादव, ध्यानचंद, राजेन्द्र सिंह, रामपाल, नंदकिशोर, सुरेन्द्र नंबरदार, प्रताप सिंह, सुनिल कुमार, अभय सिंह, बाबूलाल, रामबिलास, रोहतास यादव, संजय, नित्यानंद, धर्मबीर, अभय सिंह, लालसिंह, रविन्द्र कुमार, कैप्टन मालाराम, रामानंद, ओमप्रकाश, मूलचंद, मुकेश, हीरालाल, योगेश, ढुलीचंद, सत्यनारायण, कश्मीरलाल, धर्मेन्द्र कुमार, विकास, अनिल कुमार, शिशुपाल, रवि प्रकाश, भुवनेश, दरियाव सिंह, सुबेसिंह, भगवान सिंह, महावीर सिंह, रोहताश यादव, अरूण, मोनू, सुजान सिंह, रघुबीर, मंगनीराम, हेमन्त, सचिन, अमन, महेश, हीरालाल, प्रमोद, पवन, देशराज, प्रदीप, महिपाल आदि मौजूद थे।

---

# ओमसाईंराम स्कूल से जलेंगे 5100 दीपक

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। बैठक करने के बाद उपस्थित स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

श्री ओम साईंराम इंटरनेशनल स्कूल में एक स्टाफ मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें निर्णय लिया गया कि 22 जनवरी को अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के मंदिर उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को एक ऐतिहासिक दिवस बनाने और उस दिन दीपावली मनाने हेतु विद्यालय की ओर से 5100 दीपक जलाए जाएंगे। चेयरमैन रमेश सैनी एवं चेयरपर्सन निशा सैनी ने बताया कि विद्यालय परिसर अथवा किसी सार्वजनिक स्थान को चुना जाएगा। उन्होंने कहा कि 500 वर्षोंर् बाद श्रीराम जन्मभूमि विवाद का सुप्रीम कोर्ट द्वारा निराकरण किए जाने के बाद मंदिर निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई थी और अब 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा होगी। अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में रामलला की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में हुई मीटिंग में यह निर्णय लिया कि 22 जनवरी को विद्यालय की ओर से भी किसी उपयुक्त स्थान पर 5100 दीपक जलाकर पर्व मनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### संघर्ष समिति ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

**नारनौल।** सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति की ओर से गुरु रविदास मंदिर में बैठक हुई। जिसमें जनकल्याणकारी कार्य सुचारू रूप से चलाने को आम सहमति से प्रधान चन्दन सिंह जालवान की अध्यक्षता में सदस्यों को मनोनीत किया है। महासचिव एवं कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली के प्रमुख सलाहकार बिरदी चंद गोठवाल ने यह जानकारी दी।

### जैव विविधता सरंक्षण से ही होगा प्रकृति का संतुलन

**मंडी अटेली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तिगरा में बुधवार को जैव विविधता व प्राकृतिक पर्यावरण पर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। इसके अलावा प्राकृतिक संसाधनों के उपयोगों के बारे में बताया गया। जैव विविधता को बचाने के लिए शपथ भी दिलाई तथा जागरूकता रैली भी निकाली गई।

### कारीगरों व शिल्पकारों के हुनर को मिलेगी पहचान

**नारनौल।** राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने बुधवार को अपने कैंप कार्यालय में लोगों की बिजली-पानी व अन्य मूलभूत समस्याएं सुन मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने कहा कि शिल्पकार व कारीगर समाज के नवनिर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हैं। शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते हुए केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारंपरिक कारीगरों व शिल्पकारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की गई है।

---

बिल्डिंग के नवीनीकरण कार्य का हुआ शुभारंभ

# आधुनिक होगा अटेली कॉलेज भवन 5.42 करोड़ रुपये किए जाएंगे खर्च

कॉलेज के अधिकांश कमरे तोड़े, 42 साल पहले शुरू हुई थी कक्षाएं, 1996 में हुआ था सरकारी करण





**मंडी अटेली।** पीजी कॉलेज के प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्य में लगे हुए व पीजी कॉलेज का तोड़ा गया पुराना भवन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के लोगों की ओर से गांव-गांव में चंदा एकत्रित कर कॉलेज के लिए कमरे बनाए गए थे। लंबा समय होने पर कॉलेज का भवन जर्जर हो गया था। 42 साल पहले बनाए गए कॉलेज की बिल्डिंग का अब नवीनीकरण कार्य शुरू हो गया है। कॉलेज के पुराने भवन को लोकनिर्माण विभाग की ओर से कंडम घोषित करने के बाद जर्जर बिल्डिंग को तोड़ दिया गया है। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत कॉलेज के प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। जिस पर 99 लाख 76 हजार रुपये की लागत आएगी। प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्य की अवधि जून 2024 निर्धारित की गई है। अटेली क्षेत्र में 42 साल पहले कोई उच्च शिक्षण संस्थान नहीं होने पर यहा के प्रबुद्ध लोगों ने 1981 में संजय कॉलेज स्थापित कर यहा कक्षाएं शुरू की थी। शुरू में तो कक्षाएं पेड़ों के नीचे लगाई जाती थी, लेकिन गांवों में चंदा एकत्रित कर दानदाताओं के सहयोग से कमरे बनाए गए थे। उस समय बिना प्लान व सुनियोजित तरीके की कमी के चलते एक कमरा कभी बना तो एक कमरा कभी बना। ऐसे करके 25 से अधिक कमरे व बरामदा आदि बनाए गए। इसके बाद क्षेत्र के लोगों की मांग पर तत्कालीन मुख्यमंत्री बंशीलाल ने 1996 हविपा के प्रतिनिधि राव ओमप्रकाश इंजीनियर की मांग पर कॉलेज का सरकारीकरण किया था। लोकनिर्माण विभाग की ओर से कॉलेज भवन जर्जर होने पर कंडम घोषित करने के बाद विभाग ने 99 लाख 76 हजार का बजट अपूरवल कर नए प्रशासनिक भवन की मंजूरी प्रदान की है। निर्माण कार्य हरियाणा पुलिस हाउस कॉरपोरेशन एजेंसी करेगी। प्रशासनिक भवन आधुनिक तरीके का एक मंजिला होगा। जिसमें प्राचार्य कार्यालय, मिनिसट्रियल रूम, स्टॉफ रूम, बर्सर रूम, टायलेट-बाथरूम के अलावा फीस विंडो सहित बनाए जाएंगे। कॉलेज के सभी 30 कमरों के साथ पुराना प्रशासनिक भवन तोड़ दिया गया है। अब कॉमर्स विंग के बने कमरों में कॉलेज की शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियां चल रही है। कॉलेज में करीब दो हजार विद्यार्थी अध्यनरत है। यहा पर आर्ट, कॉमर्स, नॉन मेडिकल की यूजी कक्षाओं के अलावा बीसीए व अंग्रेजी, संस्कृत में एमए की कक्षाएं चल रही है।

#### 99.76 लाख से बनेगा प्रशासनिक भवन



कॉलेज प्राचार्य राजेश सैनी ने बताया कि राष्ट्रीय उच्चत शिक्षा अभियान ने नये प्रशासनिक भवन के लिए 99 लाख 76 हजार रुपये स्वीकृत किए है। पुराने प्रशासनिक भवन व दूसरे कमरों को तोड़ दिया गया है। नए शैक्षणिक सत्र अप्रैल-मई में नया प्रशासनिक भवन तबन जाएगा। जिसका निर्माण कार्य करने वाले एजेंसी के ठेकेदार मनमोहन सिंह ने बताया तय अवधि से पहले ही भवन का कार्य पूरा कर दिया जाएगा।

#### चार करोड़ 42 लाख आवंटित

*कॉलेज में 12 कमरों के नए शैक्षणिक भवन के लिए चार करोड़ 42 लाख रुपये आवंटित हो गए है। यह राशि तकनीकी कारणों से अटकी हुई है। इस राशि को जल्द जारी करने के लिए विधायक सीताराम यादव ने हाल ही में आयोजित विधानससभा सत्र में प्रमुखता से उठाया था। इस राशि के अलावा एक प्रस्ताव उच्चतर शिक्षा विभाग को भेजा हुआ है।*

---



**नारनौल।** निरीक्षण करते आईजी राजेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

# नारनौल पहुंचे आईजी, जब्त नशीले पदार्थों का निरीक्षण

- रख रखाव को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

साउथ रेंज के आईजी राजेंद्र कुमार ने बुधवार नारनौल का दौरा किया। उनके यहां पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल, डीएसपी मोहिंद्र सिंह और अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वागत किया। आईजी ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों में पुलिस द्वारा पकड़े गए नशीले पदार्थों का निरीक्षण किया। मामलों का निरीक्षण कर उनके रख-रखाव बारे निर्देश दिए। जब्त मामलों के रिकॉर्ड और उनकी चैकिंग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद महिला थाना नारनौल का निरीक्षण करते हुए सीसीटीएनएस, कंप्यूटर कक्ष और थाना की मेस का निरीक्षण किया। पुलिसकर्मियों के खाने के लिए मेस का रेनोवेशन करवाया गया है। आईजी ने मेस की व्यवस्थाओं और साफ-सफाई को देखकर सराहना की। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया, पुलिस लाइन में उन्होंने लाइन की मेस और लाइन की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। मेस की व्यवस्थाओं और लाइन की साफ-सफाई एवं स्वच्छता के निरीक्षण के दौरान आईजी संतुष्ट दिखाई दिए। आईजी राजेंद्र कुमार ने कहा कि अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा गहनता से कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। अधिकतर अपराधिक मामलों को सुलझाने में कामयाबी मिली है। नशे के अवैध धंधे पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा गंभीरता से कार्यवाही की जा रही है। निरीक्षण के दौरान निरीक्षक भारत भूषण, उप निरीक्षक अनिल कार्यालय दक्षिण मंडल रेवाड़ी, महिला थाना प्रबंधक और अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। एडीजीपी ने निरीक्षण करते हुए वहां पर मौजूद रहे।

---

# कारोली की कविता स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में जीता ब्रांज, किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निजामपुर



**निजामपुर।** खेल प्रतिभा कविता कुमारी को सम्मानित करते युवा भाजपा नेता महेंद्र गुर्जर। फोटो : हरिभूमि

स्ट्रेंथ लिफ्टिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप प्रतियोगिता में कारोली गांव की कविता कुमारी ने ब्रांज मेडल जीतकर गांव व ब्लॉक का गौरव बढ़ाया है। प्रतिभाशली खिलाड़ी के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। जिसमें समाजसेवी एवं युवा भाजपा नेता महेंद्र गुर्जर ने पुरस्कृत किया। कविता कुमारी का खेलों से विशेष लगाव रहा है। संसाधान व खेल स्टेडियम के आभाव में उन्होंने शारीरिक अभ्यास जारी रखा। दृढ़ इच्छा शक्ति की बदौलत कविता ने 2015 व 2017 में स्ट्रांगेस्ट महिला का खिताब जीता है। अब तक की विभिन्न खेल स्पर्धाओं में 30 से अधिक मेडल जीत चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि कविता कुमारी की उपलब्धि से गांव की लड़कियों को खेल प्रतिभा निखारने की प्रेरणा मिलेगी।

---

# कोसली क्षेत्र के गांवों में दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में भाग लेते पूर्व विधायक राव बहादुरसिंह व अन्य। फोटो : हरिभूमि

कांग्रेसी नेता एवं यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने बुधवार को कोसली हलके के दर्जनों गांवों का दौरा कर 14 जनवरी को आयोजित होने वाले यदुवंशी शिक्षा निकेतन के स्थापना दिवस के भव्य कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम रविवार मकर संक्रांति के अवसर पर नई अनाजमंडी चरखी दादरी में आयोजित होगा। राव बहादुर सिंह ने बुधवार को जाहिदपुर, भुरथला, टूमना, बापड़ौली, नांगल पठानी, बहोतवास भौंदू, पखार्‌तमपुर, जाटूसाना, ढाणी जाटूसाना, गोपालपुर गाजी, भूरियावास, चांग ढाणी, पहरावास, अहमदनगर पड़ताल, कतोपुरी, सुमा खेड़ा, लाला, रोझुवास, रोहड़ाई, नैनसुखपुरा, मोहिंदनपुर, टहना दीपालपुर, मस्तापुर, नांगलिया, शादीपुर तथा करावरा मानकपुर गांवों का दौरा कर सभी व्यक्तियों को सम्मानित किया। कांग्रेस एक राष्ट्रीय पार्टी है और कांग्रेस अब सर्वे के आधार पर जीतने वाले प्रत्याशी को ही टिकट देगी। इस मौके पर कंवर सिंह चेयरमैन, जिला पार्षद पूनम देवी, जीवन राम, सत्यवीर झूकिया, पूर्व जिला पार्षद ढिल्लू, सरपंच राजबीर मनफरा, टिल्लू सरपंच, बबीता भारती, थान सिंह, रघुनाथ सिंह, पूर्व सरपंच धर्मेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

---

### नीरपुर, सैदपुर, नांगल में बिजली कटौती उपमंडल कार्यालय के सामने प्रदर्शन

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के नीरपुर, सैदपुर, नांगल गांवों में बिजली कटौती हो रही है। इसको लेकर ग्रामीण बुधवार अटेली पावर हाउस पहुंचे और विरोध प्रकट किया। इन बिजली उपभोक्ताओं ने बताया कि पिछले एक पखवाड़े से कुओं की बिजली सप्लाई में लगातार कटौती की जा रही है। जिसके कारण फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है। उनकी रबी की फसल सूखने के कगार पर है। वहीं निगम इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीण पूर्व सरपंच हरपाल सिंह, शमशेर सिंह, करमबीर, सतीश कुमार, राकेश कुमार, युधिष्ठिर, कृष्ण कुमार, रामकिशन व राजबीर ने बताया कि पिछले एक पखवाड़े से कुओं की सप्लाई सुचारू रूप से नहीं आ रही। जिसके चलते किसानों की फ़सल बर्बाद होने के कगार पर है। किसानों ने निगम को चेतावनी दी है कि समय रहते अगर बिजली सप्लाई को दुरुस्त नहीं किया गया तो किसान मजबूर हो कर आन्दोलन करने पर उतारु होंगे। वहीं निगम के एसडीओ दीपक यादव ने बताया कि बिहाली कृषि फीडर की लाइन में दिक्कत आने के कारण एक दिन बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी। वीरवार को अतिरिक्त बिजली प्रदान की जाएगी। कुछ लोगों ने कार्यालय के गेट को बंद करवा कर फोटो खिंचवाने का प्रयास किया है।

---

# कांग्रेस में शामिल होने पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी



**नांगल चौधरी।** कांग्रेस ज्वाइन करने पर रिटायर्ड आईएएस का अभिनंदन करते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

कांग्रेस ज्वाइन करके नांगल चौधरी पहुंचे रिटायर्ड आईएएस विनय यादव का कार्यकर्ताओं ने जोरदार अभिनंदन किया। कहा कि विनय यादव की ज्वाइन से पार्टी को मजबूती मिली है तथा वर्करों में उत्साह का माहौल है। जल्द ही हलके के प्रत्येक गांव में अभिनंदन समारोह की रूपरेखा बनाई जाएगी। इस अवसर पर दलीप कुमार, दरियाव आर्य, अभय सिंह, संदीप कुमार, हसराम, विनोद कुमार ने बताया कि विनय यादव की पृष्ठभूमि समाज से जुड़ी हुई रही है। इनके पिता स्व. जयदयाल सिंह ने बतौर शिक्षक नांगल चौधरी के विभिन्न गांवों में सेवाएं दी थी। बड़े भाई बिरेंद्र यादव नाांगल चौधरी के विभिन्न स्कूलों में बतौर प्राचार्य नियुक्त रहे थे। जिनके अनुशासन और कर्मठता की चर्चाएं लोगों की जुबान पर रहती है। इसके अलावा बतौर प्रशासनिक अधिकारी विनय यादव एसडीएम, एडीसी, डीसी, कमीश्नर तथा विभिन्न विभागों में निदेशक रहे हैं। अपने कार्यकाल में इन्होंने पारदर्शिता व अनुशासन को प्राथमिकता दी है। नांगल चौधरी हलके से विशेष लगाव रहा है, इसलिए कांग्रेस पार्टी ज्वाइन करते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल हो गया। उन्होंने बताया कि विनय यादव में संगठन को साथ लेकर चलने की क्षमता है।

---

### अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कोरोना महामारी के बाद विश्व के समक्ष चुनौतियों पर हुआ मंथन



**महेंद्रगढ़।** कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार से मुलाकात करतीं प्रो. सुषमा यादव।

**महेंद्रगढ़।** कोरोना महामारी के बाद विश्व पटल पर सामने आए महत्वपूर्ण विषयों और चुनौतियों को लेकर निरंतर चिंतन-मंथन का दौर जारी है। आर्थिक विकास, शिक्षा व वैश्विक स्तर पर राजनैतिक व रणनीतिक बदलावों के इसी प्रभाव को जानने-समझने और उनके अनुरूप भविष्य की राह तलाशने हेतु जैन डिम्ड यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर रिसर्च इन सोशल साइंसेस एंड एजुकेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। हकेंवि कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस व कल्याणी विवि, पश्चिम बंगाल के बैंगलुरु में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में विशेषज्ञों ने चिंतन-मंथन किया। कोरोना महामारी के बाद वैश्विक पटल पर बदली भारत की भूमिका, जी20 के घोषणा पत्र, महामारी के बाद विश्व के लिए भारत के कदम, जियो पोलिटिक्स एंड ग्लोबल ऑर्डर, पेंडमिक एंड द स्टेट ऑफ डेमोक्रेसी, भारत व उसके पड़ोसियों के संदर्भ में, महामारी के बाद सामाजिक आर्थिक विकास की नीति, मीडिया और मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, विज्ञान और जलवायु परिवर्तन मौजूद रहे।

---

# सांसद से ओवरब्रिज बनाने की मांग

- निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने लगभग आधा दर्जन गांवों के सरपंचों व एक्स सर्विसमैंन लीग के पदाधिकारियों के साथ सांसद से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। सांसद धर्मबीर सिंह से मुलाकात करते संदीप मालड़ा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

गांव जेरपुर पाली स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज एवं दोपहिया वाहनों के लिए रैंप और केंद्रीय विश्वविद्यालय में सांख्यिकी रिसर्च सेंटर खुलवाने के लिए निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा के नेतृत्व में विभिन्न गांवों के सरपंचों तथा एक्स सर्विसमैंन लीग के पदाधिकारियों ने सांसद धर्मबीर सिंह से मुलाकात की। जानकारी देते हुए संदीप मालड़ा ने बताया कि जेरपुर पाली स्टेशन पर पहले प्लेटफार्म छोटा था तथा लाइन क्रास करने के लिए रेलवे फाटक की तरह पॉथवे बना हुआ था। प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाने के बाद अब पाली की तरफ से जो सड़क रेलवे स्टेशन तक आती है, वहां से आने वाली सवारियों को अपनी जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन क्रॉस करनी पड़ती हैं। इसके अलावा प्लेटफार्म की ऊंचाई अधिक होने की वजह से प्लेटफार्म पर आना भी बहुत ही मुश्किल हो जाता है। सरपंच प्रतिनिधि सथानेदार विजयपाल ने बताया कि इस स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज एवं रैम्प की बेहद आवश्यकता हैं। पालड़ी गांव में हुए जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान सांसद धर्मबीर सिंह से पाली की तरफ से एक फुट ओवर ब्रिज तथा दोपहिया वाहनों के लिए रैंप बनवाने की मांग की।

---



कनीना। हिमांशु गुप्ता को अवार्ड प्रदान करते यूके के राज्यपाल।

**खुशी जताई : कनीना।** कनीना मंडी वासी जगदीश गुप्ता के पुत्र हिमांशु गुप्ता के उतराखंड मुक्त विवि से एमएससी रसायन शास्त्र में टॉप करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर परिजनों ने खुशी जताई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

---

बैठक | मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना को लेकर डीसी मोनिका गुप्ता ने ली बैठक

# गरीब कल्याण की भावना से स्वरोजगार के लिए सहयोग करें बैंकर्स

हरिभूमि न्यूज नारनौल




**नारनौल।** अधिकारियों की बैठक लेती डीसी मोनिका गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना हरियाणा सरकार की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। यह पंक्ति में अंतिम छोर पर खड़े परिवारों के उत्थान के लिए है। ऐसे में सभी बैंकर्स गरीब कल्याण की भावना के साथ कार्य करते हुए इन परिवारों को स्वरोजगार स्थापित करने में सहयोग करें। यह बात उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बुधवार को लघु सचिवालय में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की समीक्षा बैठक में कही। इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह भी मौजूद थी। डीसी ने कहा कि जनवरी माह में फिर से मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत मेलों का आयोजन किए जा सकते हैं। ऐसे में सभी बैंक अधिकारी विभिन्न अंत्योदय मेले में पहले से ही आए हुए आवेदनों का निपटारा करें। अगले माह तक मामले लंबित नहीं रहने चाहिए। 15 जनवरी के बाद फिर समीक्षा होगी।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि अगर किसी आवेदक के कागजात अधूरे हैं तो बैंक अधिकारी खुद कागजात पूरे करवाएं। ये बहुत ही गरीब परिवार हैं, एक दिन की दिहाड़ी छोड़ना भी उनके लिए मुमकिन नहीं है। वह हमारी तरह कागजात तैयार नहीं कर सकते। ऐसे में अधिकारी उनके कागजात पूरे करवाने में सहयोग करें। इस मामले में संबंधित विभाग भी उनकी मदद करेंगे।

अगर फील्ड में किसी भी तरह की जरूरत है तो भी विभाग तैयार रहेगा। उन्होंने निर्देश दिए की बैंक की ओर से स्वीकृति पत्र ऑनलाइन अपलोड किए जाएं। अगर कोई आवेदक लोन नहीं लेना चाहता है तो लिखित में लें। इस बैठक में लीड बैंक मैनेजर विजय सिंह, सीएमजीजीए दिवाकर कुमार, पशुपालन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डा. नसीब सिंह के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

#### अपनी आजीविका शुरू करें

*उपायुक्त ने कहा कि सरकार का मकसद है कि इन गरीब परिवारों को स्वरोजगार के साथ जोड़ा जाए। इसी मकसद से उन्हें बैंकों की ओर से लोन मुहैया करवाया जा रहा है, ताकि यह अपने आजीविका शुरू कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि अगले अंत्योदय मेले से पहले सभी बैंकर्स अपने आवेदन निपटाएं। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे अनुदान राशि का निपटारा भी तुरंत करें। इससे पहले अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने भी विस्तार के साथ एक-एक बैंक अधिकारी के साथ समीक्षा की।*